Roll No. .... Total Pages: 04

1601

B. A. /B. Sc./B. Ed. (Part - I) Examination, 2019
GENERAL HINDI
(सामान्य हिन्दी)

Time: Three Hours
Maximum Marks: 100

The question paper is divided into three parts A, B and C.

Attempt all question from the three parts.

खण्ड – अ **[MARKS – 40]**

प्र.1 निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिये – (15)

शैशव की स्मृतियों में एक विचित्रता है। जब हमारी भावप्रवणता गम्भीर और प्रशान्त होती है, तब अतीत की रेखाएँ कुहरे में से स्पष्ट होती हुई वस्तुओं के समान अनायास ही स्पष्ट से स्पष्टतर होने लगती है, पर जिस समय हम तर्क से उनकी उपयोगिता सिद्ध करके स्मरण करने बैठते हैं, उस समय पत्थर फेंकने से हटकर मिल जाने वाली, पानी की काई के समान विस्मृति उन्हें फिर–फिर ढक लेती है।

अथवा

मेरी सहानुभूति उतनी दूर तक शायद नहीं है, लेकिन चेहरों का मेरे पास यथेष्ठ संग्रह है – सभी अद्वितीय, सभी स्मरणीय। अगर एक चुनता हूँ, तो किसी असाधारणत्व के लिए नहीं। चुनता हूँ एक अत्यन्त साधारण व्यक्ति का अत्यन्त साधारण चेहरा, क्योंकि यही तो मैं कहना चाहता हूँ – असाधारण ही स्मरणीय नहीं है, हर गुदड़ी में लाल है, जरा उसे लौटकर झाँकने का कष्ट तो करो।

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (15)

मेरा एक जीवन है
उसमें मेरे प्रिय हैं, मेरे हितैषी हैं, मेरे गुरुजन हैं
उसमें कोई मेरा अनन्यतम भी है
पर मेरा एक और जीवन है
जिसमें मैं अकेला हूँ
जिस नगर के गलियारों, फुटपाथ, मैदानों में घूमा हूँ
हँसा खेला हूँ।

अथवा

यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना,
अब असंभव छोड़ यह पथ दूसरे पर पग बढ़ाना,
तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी,
सोच मत केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना,
हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर बढ़ा है,
तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।
पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।

प्र.3 प्रदूषण पर विचार करते हुए लेखक ने उसे बचाने के क्या सुझाव दिए। स्पष्ट करो। (10)

अथवा

हरिशंकर परसाई के व्यंग्य निबन्ध 'इंसपेक्टर मातादीन चाँद पर' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

खण्ड – ब **[MARKS – 20]**

प्र.4 'जागो फिर एक बार' कविता का सारांश लिखिए। (10)

अथवा

'बहुत दिनों के बाद' कविता की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्र.5 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए – (5)

(i) सन्मुख
(ii) यथेष्ठ
(iii) शताब्दि
(iv) महात्म
(v) गाइका
(vi) ज्योत्सना
(vii) कांच
(viii) पयोपान

प्र.6 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध कीजिए – (5)

(i) रानी लक्ष्मीबाई वीर थीं।
(ii) तुम, मैं और वह बाहर गया।
(iii) मैंने ग्रह कार्य नहीं किया।
(iv) गाय का ताकतवर दूध होता है।
(v) गाँव में किसान लोग मेहनत करता हैं।
(vi) वे हमेशा दुनियादारियों में उलझे रहते हैं।
(vii) पूरी रातभर बच्चा रोता रहा।
(viii) उसे देखकर मेरे आँसू निकल पड़ा।

खण्ड – स **[MARKS – 40]**

प्र.7 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के समानार्थी पारिभाषिक शब्द लिखिए– (5)

(i) Authorise

(ii) Basic pay

(iii) Earned

(iv) Saved

(v) Confused

(vi) Welcome

(vii) Ability

(viii) Direct

प्र.8 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्याशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए – (5)

(i) सबसे आगे रहने वाला।

(ii) जिसे जीता न जा सके।

(iii) जिसने इन्द्र को जीत लिया हो।

(iv) जो उच्च कुल से सम्बन्धित हो।

(v) बहुत छोटे कद का व्यक्ति।

(vi) जन्म से अन्धा हो।

(vii) मार्ग में खाने के लिए भोजन।

(viii) शरीर की हानि करने वाला।

प्र.9 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच युग्म शब्दों का अर्थभेद स्पष्ट कीजिए – (5)

(i) अभिज्ञ – अनभिज्ञ

(ii) उदार – उद्धार

(iii) निर्धन – निधन

(iv) जरठ – जठर

(v) भुवन – भवन

(vi) चकवा – चकमा

(vii) देव – दैव

(viii) करी – कीर

प्र.10 निम्नलिखित सूक्तियों में से किन्हीं दो का पल्लवन कीजिए – (5)

(i) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।

(ii) विनाश काले विपरीत बुद्धि।

(iii) उधो मन न भये दस–बीस।

(iv) जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि।

प्र.11 अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से 10 दिवसीय समाजोपयोगी शिविर आयोजन की अनुमति माँगने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

<u>अथवा</u>

सचिव, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्रालय, राजस्थान सरकार की ओर से एक परिपत्र सभी जिलाधिकारियों को प्रेषित करें, जिसमें खाद्यान्नों की वसूली की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया हो।

प्र.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिये – (15)

(i) जल है तो कल है

(ii) प्रजातन्त्र का उत्सव चुनाव

(iii) मेरा प्रिय कवि

(iv) पर्यावरण संरक्षण

(v) आतंकवाद समस्या एवं समाधान।